गुरु घासीदास विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 क्र. 25 के अंतर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कोनी, बिलासपुर - 495009 (छ.ग.)

Guru Ghasidas Vishwavidyalaya
(A Central University Established by the Central Universities Act 2009 No. 25 of 2009)
Koni, Bilaspur – 495009 (C.G.)

राजनीति विज्ञान विभाग
गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)
राजनीति विज्ञान विभाग में एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन

राजनीति विज्ञान विभाग, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) में 05 मई 2023 को "**भारत के राज्यों की राजनीति**" विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक (म.प्र.) से आमंत्रित प्रो. अनुपम शर्मा रहीं l

कार्यक्रम का विधिवत प्रारम्भ माता सरस्वती एवं गुरु घासीदास के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ l राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष प्रो.अनुपमा सक्सेना ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करने के साथ ही वर्तमान परिदृश्य में भारत के राज्यों की राजनीति से विद्यार्थियों को अवगत कराया, साथ ही विद्यार्थियों को आमंत्रित अतिथियों के व्यक्तित्व से परिचय कराया l

कार्यक्रम में आमंत्रित वक्ता के रूप में उपस्थित प्रो. अनुपम शर्मा (विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान विभाग और मानव अधिकार) इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक (म.प्र.) ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को वर्तमान परिदृश्य में भारत के राज्यों की राजनीति पर हो रहे परिवर्तनों के बारे में जानकारियां प्रदान की साथ ही उन्होंने बताया कि राज्यों की राजनीति को समझने के लिए राष्ट्रीय राजनीति को समझना आवश्यक होगा l उन्होंने विद्यार्थियों को भारत के राज्यों की राजनीति के विभिन्न आयामों जैसे संघवाद संरचना, नेतृत्व, आर्थिक विकास, अंतर्राष्ट्रीय संगठन, राजनीतिक मुद्दे, मतदान व्यवहार, लोककल्याणकारी राज्य जैसे ज्वलंत विषयों पर अति महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की l कार्यक्रम में उपस्थित समाज विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. प्रवीन कुमार मिश्र ने अपने आशीर्वचन में उपस्थित विद्यार्थियों का मार्गदर्शन दिया और उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी

कार्यक्रम के अंतिम सत्र में प्रश्नोत्तर कार्यक्रम में आमंत्रित वक्ता प्रो. अनुपम शर्मा ने विद्यार्थियों के द्वारा वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, अधिकार, जातिवाद, धर्मनिरपेक्षता जैसे समसामयिक मुद्दों पर पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के सकारात्मक उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं को पूर्ण किया l

व्याख्यान कार्यक्रम का संचालन डॉ. सांत्वना पाण्डेय, सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा किया गया l अंत में धन्यवाद संबोधन डॉ अमित कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग के समस्त शिक्षकों के साथ ही विभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे l

विभागाध्यक्ष
HEAD
राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन विभाग
Department of Political Science
and Public Administration
गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)
Guru Ghasidas Vishwavidyalaya
BILASPUR (C.G.)

Signature & Seal of HoD